तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 3 अप्रैल 2024

12 सिवनी में तांदुला नहर का वैकल्पिक पुल बहा, ग्रामीणों ....



11 15वें वित्त आयोग की राशि से खर्च का हिसाब ...





## खबर संक्षेप



### मतदान दलों की ट्रेनिंग का डीएम ने किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदुर में पहुंचकर यहां चल रहे मतदान दल के अधिकारी–कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी–कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नही होती है। इसलिए निर्वाचन के कार्य को विशेष सतर्कता एवं सावधानी के साथ करना अत्यंत आवश्यक है।

### महिला से छेड़छाड़ मारपीट, गिरफ्तार

**बालोद।** थाना राजहरा जिला बालोद मे महिला से मारपीट कर छेड़छाड करने वाले आरोपी सुधीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी वार्ड कमांक 21 शास्त्रीनगर दल्लीराजहरा थाना राजहरा जिला बालोद सुधीर राजपूत 23 वर्ष निवासी के विरूद्व अपराध धारा 294, 506, 323, 456, 354, 354 (क), 354 (ख) भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भक्त माता कर्मा जयंती 5 को

**बालोद/कलंगपुर।** ग्रामीण साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासी भटगांव के तत्वावधान में 5 अप्रैल शुक्रवार को भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। समाज के सचिव विश्वनाथ साहू ने बताया की शुक्रवार को सुबह 9 बजे से स्वजातीय महिलाओं द्वारा भव्य कलशयात्रा एवं ग्राम भ्रमण कर स्थानीय माता कर्मा मंदिर पहुंचेगी। जहां माता कर्मा की पूजा-अर्चना किया जाएगा। दोपहर 1 बजे अतिथियों का आगमन, सम्मान एवं उद्बोधन होगा। इसमें मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे एवं अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू समाज मानसिंह सार्वा करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष परिक्षेत्र भाठागांव भीखाराम साहू, तरुण कुमार साहू, खेमलाल साहू, मदनलाल साहू, लिखनलाल साहू, भारती साहू, प्रभात कुमार साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

### एक जून तक एग्जिट पोल पर रोक

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 01 जून 2024 तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को सुबह 07 बजे से 01 जून 2024 की शाम 06.30 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार–प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन–2024 शेष पेज 11 पर

# दुकान खुलने का इंतजार करती रहीं महिलाएं, 10.30 की जगह 2.30 बजे खुला गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ पीडीएस दुकानों के खुलने का समय भगवान भरोसे है। हितग्राही सुबह से राशन लेने के लिए कई घंटे तक इंतजार में अपना समय खपा रहे हैं और रोजी मजदूरी तथा अन्य कार्यो को छोड़ राशन दुकान के खुलने का इंतजार करते हैं।

हितग्राही ताला लगे हुए पीडीएस दुकान के सामने बैठकर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन पीडीएस दुकान संचालकों की मनमानी ऐसी कि वे निर्धारित समय में दुकान खोलने के बजाए 2 घंटे से भी अधिक विलंब से दुकान खोल रहे हैं। कई गांवों में तो पीडीएस संचालक बिना किसी सूचना के दुकान बंद कर देते हैं। इस तरह की शिकायत ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार सामने आ रही है। मंगलवार को जिला मुख्यालय से कुछ दूर स्थित ग्राम पड़कीभाट स्थित उचित मूल्य की दुकान के सामने उमस भरी गर्मी के बीच कुछ वृद्ध महिलाएं बैठी थीं। उन्होंने बताया कि वे राशन लेने दुकान में आई हैं, जबकि दुकान में ताला लगा हुआ था। महिलाएं करीब 1 बजे तक इंतजार करती रहीं, लेकिन पीडीएस की दुकान नहीं खुली। 10:30 बजे दुकान खुलने के बजाए 2:30 बजे दुकान खुली। जबकि दुकान के बाहर सूचना पटल पर राशन दुकान खुलने का समय 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक लिखा है। भोजन अवकाश 1:30 बजे से 2:30 बजे तक है।

### ग्राम पड़कीभाट स्थित उचित मूल्य की दुकान के सामने परेशान होते रहे हितग्राही

#### ग्रामीण क्षेत्रों में पीडीएस दुकानों की यही स्थिति

ग्राम पड़कीभाट में स्थित पीडीएस दुकान की जो स्थिति सामने आई है, ठीक इसी तरह की स्थिति जिले के कई अंदरूनी गांवों में भी है, जहां पीडीएस दुकानों में एक नहीं बल्कि दो–तीन अलग-अलग गांवों के हितग्राही राशन सामग्री लेने पहुंचते हैं और उन्हें इसी तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।




#### आज देर हो गई

इस मामले में राशन विक्रेता श्यामा बाई पटेल ने कहा कि घर में मेहमान आ गए थे, जिसके कारण से आज दुकान खोलने में देर हो गई। हालांकि दुकान लेट से खुलने की सूचना क्यों नहीं लगाई गई, इस प्रश्न को वे जवाब नहीं दे पाईं और आगे रोज निर्धारित समय पर दुकान खोलने की बात कही।

#### आदेश नहीं दे सकते

जिला खाद्य अधिकारी टीआर ठाकुर ने कहा कि दोपहर में कोई भी हितग्राही राशन लेने नहीं आते। गर्मी के दिनों में कई संचालक सुबह जल्दी खोल देते हैं और दोपहर में बंद करके शाम को फिर खोल देते हैं। रही बात संचालकों को सुबह खोलने के आदेश देने की, तो हम आदेश नहीं दे सकते। कई लोग सुबह 8 से 12 बजे तथा शाम को चार घंटा दुकान खोलते हैं।

### सियासत : कांकेर लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

# देश की मुख्य समस्याओं से लोगों का ध्यान भटका रही है भाजपा : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कांकेर लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बालोद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र पर ईडी–आईटी का विपक्षियों को डराने के लिए उपयोग का लगाया आरोप







प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी, कांकेर लोकसभा के समन्वयक संतराम नेताम, कांकेर लोकसभा के कांग्रेसी प्रत्याशी वीरेश ठाकुर, बालोद जिले के विधायक अनिला भेड़िया, विधायक संगीता सिंह, विधायक कुंवर सिंह निषाद के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह बहुत ही विषम समय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी देश की वर्तमान समस्याओं महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाकर धर्म के नाम पर बरगला रही है। श्री बैज ने कहा कि भाजपा असल मुद्दों से जनता का ध्यान दूर करना चाहती है। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के बैंक खातों को सीज करके आर्थिक आतंकवाद फैलाने का काम केंद्र की भाजपा सरकार कर रही है।उन्होंने केंद्र सरकार पर ईड एवं आईटी के माध्यम से डर का माहौल पैदा करके जबरिया वसूली का भी आरोप लगाया। श्री बैज ने कहा कि ऐसे समय में बीरेश ठाकुर का चुनाव लड़ना और आप लोगों का उन्हें जिताने के लिए मेहनत करना सबसे बहुत पूर्ण कड़ी है। बैठक में जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया, भैया राम सिंन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, शिबू नायर, पुरुषोत्तम शेष पेज 11 पर

#### सभी कार्यकर्ता स्वयं को बीरेश समझकर जीत के लिए प्रयास करें

बैठक को अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, समन्वयक संतराम नेताम, डौंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने भी संबोधित किया। वहीं, कांकेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार बीरेश ठाकुर ने कहा कि समस्त कार्यकर्ता बीरेश ठाकुर बनकर अपने–अपने क्षेत्र में चुनाव में जुट जाएं, ताकि हम इस चुनाव में सफल हो पाएं।

# जिपं सभापति मीना सहित 27 ने हाथ छोड़ भाजपा का दामन थामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

विकासखण्ड की दूसरी जिला पंचायत सभापति मीना साहू ने भी कांग्रेस का हाथ छोड़कर 26 अन्य लोगों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा प्रवेश करने वालों में दो वर्तमान सरपंच, तीन पूर्व सरपंच सहित कांग्रेस के दर्जनभर प्रदेश व जिला पदाधिकारी रहे जनप्रतिनिधि शामिल हैं।

- कांकेर में मुख्यमंत्री साय की उपस्थिति में ली भाजपा की सदस्यता

मंगलवार को कांकेर में कांकेर लोकभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली के दौरान पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव के समक्ष जिला पंचायत सभापति मीना साहू अध्यक्ष ब्लाक महिला कांग्रेस गुरूर ने भाजपा में शामिल हो गईं। उनके साथ अध्यक्ष तहसील आदिवासी गोंण्डवाना समाज गुरूर उत्तरा मरकाम, पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद सत्येन्द्र साहू, पूर्व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद, पूर्व अध्यक्ष मार्केटिग सोसायटी गुरूर नौशाद कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष किसान कांग्रेस जिला बालोद, पूर्व सभापति जनपद पंचायत गुरूर ताम्रध्वज यादव, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष पेरपार आदिवासी समाज प्रकाश मरकाम, सभापति जनपद पंचायत गुरूर राजकुमार साहू, पूर्व सचिव जिला कांग्रेस कमेटी बालोद निवेश चतुर्वेदी, सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन पुरंजन यादव, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कोचवाही केकती सिन्हा ने भी भाजपा की सदस्यता ली। इसी तरह कांग्रेस बुथ अध्यक्ष ग्राम जगतरा श्रवण नेताम, अध्यक्ष पुरूर परिक्षेत्र साहू समाज मिथलेश ग्वालेन्द्र, पंच ग्राम पंचायत मिर्रीटोला सुरेन्द्र धिकौड़ी, ग्राम पटेल ग्राम शेष पेज 11 पर

### ग्राम गुण्डरापाड़ा मोखा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का मामला

# आंगनबाड़ी में शौचालय की परेशानी पालकों ने की सुविधा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





ग्राम गुण्डरापाड़ा मोखा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में शौचालय नहीं होने के कारण छोटे–छोटे बच्चों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण पालकों ने ज्ञापन के माध्यम से ब्लाक महिला एवं बाल विकास विभाग से बच्चों को सुविधा देने की मांग की है।

पालकों ने विभाग को बताया है कि आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 पिछले 5 वर्षों से संचालित हो रहा है। यहां शौचालय तो है किंतु सेप्टिक टैंक जर्जर हो जाने से बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पालकों ने बताया कि आंगनबाड़ी में बिजली एवं पंखे की सुविधा है फिर भी बच्चों को पंखे की सुविधा नहीं दी जाती, बच्चे गर्मी में मजबूरी में बैठे रहते हैं। वहीं, शौचालय पिछले एक साल से जर्जर है, जिसकी जानकारी पंचायत को दी गई है, लेकिन पंचायत द्वारा अब तक जर्जर शौचालय को बनावाया नहीं गया है। शौच के लिए बच्चे अपने घर पर ही निर्भर हैं और आंगनबाड़ी से घर के शौचालय तक बच्चों को स्वयं आना पड़ता है।

इससे हमेशा अनिष्ट की आशंका बनी रहती है। पालकों ने बताया कि हम बच्चों को आंगनबाड़ी तो छोड़ देते हैं, लेकिन जब बच्चों को शौचालय के लिए आंगनबाड़ी से घर स्वयं अकेले आना होता है तो रास्ते में आवारा कुत्तों का डर बना रहता है। इस संबंध में सरपंच पुष्पेंद्र ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र 2 की जर्जर सैप्टिक टैंक को अगले सप्ताह बनाया जाएगा।

# ग्रामीणों ने निस्तारी के लिए भोयरटोला जलाशय से पानी छोड़ने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा



अंचल के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने दल्लीराजहरा की ओर से कुसुमकसा की ओर बहने वाले बारहमासी नाला में भोयरटोला जलाशय से निस्तारी के लिये पानी छोड़ने व उक्त नाले में बन्द किए गए स्टापडेम को खुलवाने की मांग की है। इस संबंध में जनपद सदस्य संजय बैस सहित आसपास के गांवों के सरपंचों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (डोंडी), अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग डोंडी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों को निस्तारी व जानवरों के पेयजल के लिए हो रही परेशानियों से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त बारहमासी बहने वाले नाले के पानी से ग्राम खम्हारटोला, पथराटोला, अरमुरकसा, कुसुमकसा, धुरवाटोला, शिकारीटोला के ग्रामीण निस्तारी करते हैं, किंतु गर्मी शुरू होते ही नाला सूख गया है। इसके कारण ग्रामीण निस्तारी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही जानवरों को पीने के पानी की समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने भीषण गर्मी व निस्तारी पानी की समस्या को देखते हुए भोयरटोला जलाशय से जल्द पानी छोड़ने व नाले में बांधे गये स्टापडेम को खुलवाने की मांग की है।

- आसपास के सरपंचों व जनपद सदस्य ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

इस अवसर पर विमल कुमार कोमा सरपँच ग्राम पंचायत पथराटोला, सरोजबाई बलेंद्र सरपँच ग्राम पंचायत अरमुरकसा, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार व हलधर गोरे उपस्थित थे।

### जिपं सीईओ व डीडीईओ ने किया ट्रेनिंग सेंटरों का निरीक्षण

# महिलाओं का मतदान अधिकारी बनना गर्व की बात : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में पहुंचकर मतदान दल के अधिकारी–कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया।

डॉ. कन्नौजे ने डौण्डीलोहारा स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं स्कूल में पहुंचकर मतदान दलों से चर्चा करते हुए कहा कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने आनंद पब्लिक स्कूल संगवारी मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त महिला मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि संगवारी मतदान केंद्र के मतदान अधिकारी के रूप में चयनित होना हमारे सभी महिला अधिकारी–कर्मचारियों के लिए गर्व की बात है। इसलिए इस कार्य को विशेष सावधानी के साथ पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी महिला मतदान कर्मियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बनने के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। इसी तरह उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदुर में मतदान दल के अधिकारी–कर्मचारियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी–कर्मचारियों से मतदान प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं दिशा–निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा में पहुंचकर मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया।

### चोरी के जेवरात के साथ अपचारी व युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो अपचारी बालक समेत चार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि शिवपारा दुर्ग निवासी प्रवीण सेन ने मकान में चोरी होने की शिकायत की थी। घटना 28-29 मार्च की दरमियानी रात की है। पुलिस मकान के आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगालना शुरु किया। फुटेज के आधार पर शिवपारा दुर्ग निवासी अमन यादव, दिपेश कुमार और अपचारी बालकों को पकड़ा गया।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


P.C.
सर का OFFER
FLAT 70% OFF
Lee
Wrangler
KILLER
LAWMAN
integriti
Raymond Apparel
Arvind Life Style
All Brand Ladies Kurties Too
2 पे 2 फ्री
I CLEVER, GRAMMER, TULIP YANKEE, NOSTRUM, WE PLAY MUSIC & MANY BRANDS
50 कि.मी.दूर से आने वाले ग्राहक को नि:शुल्क भोजन
Rare & Dynamic Personality never seen before
P.C. the BAAP- कब समझोगे आप?
Deepak Advertisers
FLAT 50% OFF
JOCKEY
Lyra WOMEN'S WEAR
Cosmetic Items too
ROOKIES DENIM DIVISION 999/.
Crocodile 699/.
ONLY ORIGINAL & LATEST STOCKS
दुकानदार भी बेचने के लिए सम्पर्क करें! 97543 43697 (Whatsapp)
P.C. LOOTMART
SHUBHAM FAMILY STORE
98261 67896, 98274 75444, 91314 85451, 97521 18317, 83190 18733, 82502 23314
दिनेश वस्त्र के बगल, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

## खबर संक्षेप



### पॉवर वितरण कंपनी के एमडी खरे रिटायर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर वितरण कंपनी से प्रबंध निदेशक मनोज खरे एक दिन पहले 31 मार्च को रिटायर हो गए। उनको सोमवार को मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के एमडी एसके कटियार, ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश शुक्ला ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। श्री खरे के स्थान पर फिलहाल श्री शुक्ला को प्रभार दिए जाने की चर्चा है। अभी इसका आदेश नहीं हुआ है। चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद ही नए एमडी की नियुक्ति होगी। श्री खरे ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

### भ्रष्टाचार के आरोपों को हिन्दुत्व की आड़ में छिपाना चाह रहे भाजपाई

**रायपुर।** भाजपा अपने भ्रष्टाचार को हिंदुत्व के नाम पर छुपाना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे, उसका जवाब देने के बजाय भाजपाई भ्रष्टाचार के आरोपों को हिन्दुत्व की आड़ में छिपाना चाह रहे। राइस मिलर लॉबी में अवैध वसूली की बातें सार्वजनिक हैं, इस मामले में कौन संलिप्त है? किनके इशारे पर हो रहा है? सरकार को इसका जवाब देना चाहिये न कि आरोपों से बचने के लिये अनर्गल बयानबाजी।

### स्लीपर सेल वाले बयान पर निर्वाचन में शिकायत

**रायपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार भूपेश बघेल की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व एआईसीसी सदस्य और प्रदेश महामंत्री अरुण सिसोदिया ने निर्वाचन आयोग को दो पन्नों का खत लिखा है। उन्होंने दावा किया है कि भूपेश बघेल का "स्लीपर सेल" वाला बयान चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। ऐसे में उन पर विधिवत कार्रवाई होनी चाहिए। एक तरफ जहां राजनांदगांव में उनके खिलाफ कांग्रेस का एक धड़ा विरोध में आ खड़ा हुआ है, तो वही दूसरी तरफ उनकी ही पार्टी के नेताओं ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं।

### भीषण गर्मी के कारण स्कूलों के समय में बदलाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से नई शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन ही भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। जिला शिक्षा अधिकारियों ने सभी स्कूलों को इसके संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा है कि गर्मी को देखते हुए सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह 11.30 बजे तक स्कूलों का समय तय किया गया है। यह आदेश सभी अशासकीय, अनुदान प्राप्त स्कूलों और शासकीय स्कूलों का इसी समय पर ही इसका संचालन किया जाए।

### आचार संहिता के बाद जांच अभियान तेज, 28 करोड़ की सामग्री जब्त

**रायपुर।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 31 मार्च तक की स्थिति में 28 करोड़ 34 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपए की नकद राशि शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा निगरानी के दौरान विगत 31 मार्च तक 22 हजार 775 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 52 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए कीमत की 827 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं।







### शत-प्रतिशत मतदान की पहल, गांव-गांव पहुंच रहा प्रशासन

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिले के आम नागरिकों एवं मतदाताओं को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देकर उन्हें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संजारी में आयोजित हाट बाजारों में सब्जी एवं अन्य विक्रेताओं के पास पहुँचकर उन्हें मतदाता जागरूकता पर आधारित पोस्टर आदि का वितरण किया गया। इसके अलावा जनपद पंचायत कार्यालय डौण्डीलोहारा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई।

महालेखाकार बार-बार मांग रहा जानकारी, अधिकतर निकायों ने नहीं दिया है हिसाब

# 15वें वित्त आयोग की राशि से खर्च का हिसाब नहीं दिया निकायों ने, 15 दिनों में देना होगा तीन साल का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने 15वें वित्त आयोग से बड़ी मात्रा में राशि तो ले ली, लेकिन राशि का हिसाब और उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं दिए। इस मामले को लेकर महालेखाकार (सीएजी) कार्यालय ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को कई बार पत्र लिखे और हिसाब मांगा। अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निकायों को पत्र जारी कर तीन साल का हिसाब और उपयोगिता प्रमाणपत्र 15 दिनों में पेश करने का आदेश जारी किया है।

इस मामले को लेकर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को पत्र जारी कर इस अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। निकायों को वर्ष 2020 से 2023 तक खर्च का ब्योरा और कराए गए कार्यों का उपयोगिता प्रमाणपत्र देना है।

### महालेखाकार भेज रहे हैं बार-बार पत्र

संचालनालय से जारी पत्र में ये भी कहा गया है कि इस संबंध में महालेखाकार कार्यालय द्वारा उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने के लेकर बार-बार पत्र जारी किए जा रहे हैं, लेकिन निकायों द्वारा चाही गई जानकारी नहीं दिए जाने के कारण निकायों द्वारा खर्च की गई राशि का ब्योरा उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है। अब संचालनालय 15वें वित्त आयोग से अंतर्गत 2020-21 से अब तक संचालनालय द्वारा निकायों को दी गई अनुमति की जानकारी गूगल शीट में ईमेल के माध्य से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजी जाएगी।



### संचालनालय ने जारी किया आदेश

इस संबंध में नगरीय निकायों को भेजे गए पत्र में संचालनालय ने कहा कि सभी नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग के निर्धारित घटकों के तहत कार्ययोजना प्रस्तुत कर संचालनालय से अनुमति प्राप्त किए जाने एवं कार्य पूर्णता के बाद निर्धारित प्रारूप में उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अधिकतर निकायों ने अब तक स्वीकृत कार्यों का उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराया है।

### अब 15 दिनों में दें जानकारी

संचालनालय ने नगरीय निकायों से कहा है कि गूगल शीट में चाही गई वांछित जानकारी के साथ निर्धारित प्रपत्र में उपयोगिता प्रमाण पत्र संभागीय क्षेत्रीय कार्यालयों को हार्ड कॉपी में प्रस्तुत की जाए। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जानकारी एकत्रित कर परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद 15 दिनों के भीतर संचालनालय में पेश करना होगा, ताकि यह जानकारी महालेखाकार को भेजी जा सके। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो नगरीय निकाय प्रमुख के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## एपीएस में परीक्षा परिणाम घोषित



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में कक्षा नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा ग्यारहवीं में डिंपी चंद्राकर प्रथम 98.6प्रतिशत द्वितीय स्थान आरची जैन 98.2 प्रतिशत, कक्षा 9वी में तान्या सिन्हा प्रथम 97.16, द्वितीय स्थान धीरज जैन 94.33,कक्षा आठवीं में साक्षी भुआर्य प्रथम 98.22, द्वितीय स्थान देविका सोनकर 98.19, कक्षा सातवी में प्रथम स्थान वंश सोनकर 99.11 द्वितीय स्थान रितेश कुमार मालेकर 97.41 को मिला। इसी तरह कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान पूर्वी साहू 98.69,द्वितीय स्थान सृष्टि देवांगन 98.47, कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान सुमित कुमार ठाकुर98.93, द्वितीय स्थान यशवेश जैन 98.62, कक्षा चौथी प्रथम स्थान ओझल विमल भारद्वाज 97.75, द्वितीय स्थान चिराग रामटेक 96.56, कक्षा तीसरी प्रथम स्थान वर्णिका जैन 99.31, द्वितीय स्थान आर्य जैन तथा निश्चल जैन 98.81, कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान पर्व जैन 99.56, द्वितीय स्थान नेत्रिका साहू 99.43 तथा कक्षा पहली में प्रथम स्थान सूर्यांश 100 तथा द्वितीय स्थान अक्षिता दिल्ली बार 99.87 ने प्राप्त किया।

इसी तरह कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान तमेश कुमार गौरे द्वितीय स्थान यामी नायक,देवासी जंघेल कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान परिधि सलाम द्वितीय स्थान चल ठाकुर, विराज साहू कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान वृष्टि पटेल द्वितीय स्थान प्रियांशु सिंह ने प्राप्त किया।

## मार्री बंगला में सालभर से ठप पड़ा अमृत मिशन का काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरीबंगला

केन्द्र सरकार की अमृत मिशन के अंतर्गत हर-घर नल जल योजना के तहत ग्राम मार्री बंगला में पानी टंकी निर्माण व पाईपलाईन बिछाने का कार्य पिछले एक वर्ष ठप पड़ा है। ग्रामीण खूबलाल साहू ने बताया कि पाईप लाईन के लिए जगह-जगह खोदे गए गड्ढों में ग्रामीण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

वहीं, बच्चों के गिरने का खतरा भी बना हुआ है। टंकी निर्माण में करने वाले ठेकेदार का एक वर्ष से अता-पता नहीं है। गर्मी का मौसम आ चुका है और ग्रामीणों को आस थी की पानी टंकी के निर्माण और अमृत मिशन पूरी हो जाने के बाद गांव में पेयजल की समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई। इससे महिलाओं में काफी आक्रोश है।

सरपंच अमर लाल भुआर्य ने बताया कि पानी टंकी का निर्माण बस स्टैण्ड वार्ड में भी बजरंग चौक में होना है। एक वर्ष पहले सर्वे भी हो चुका है, लेकिन अब तक काम चालू नहीं किया गया है। कारण का कुछ पता नहीं चल पा रहा है तथा कौन ठेकेदार है इसका भी पता नहीं है। इसके लिए पीएचई विभाग से जानकारी ली जाएगी।

### मतदान दलों का किया गया रेंडमाइजेशन

**रायपुर।** जिले में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों जोरशोर से चल रही है। इन तैयारियों के बीच सोमवार को कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने मतदान दलों के साथ बैठक की। यह बैठक रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मतदान दलों का रेंडमाइजेशन किया। बैठक में उप जिला निर्वावन अधिकारी उमाशंकर बंदे, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। चुनावी तैयारियों के दौरान कलेक्टर के निर्देश पर सभी एरिया रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। धरसीवा विधानसभा के एआरओ नंदकुमार चौबे ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद स्कूल गोगाव, शासकीय प्राथमिक शाला गोंदवारा, शासकीय प्राथमिक शाला उद्योग नगरी बिरगांव, आदर्श स्कूल रावाभाठा, शासकीय प्राथमिक शाला बंजारी नगर रावाभाठा, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला रावाभाठा, ज्ञानप्रकाश विद्या मंदिर रावाभाठा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

### हरुना धान के पौधों में निकली बालियां

**लाटाबोड़।** इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में हरुना धान के पौधों में बालियां निकल आई है। वहीं ज्यादातर पौधे गर्भ की स्थिति में हैं। इसमें भी शीघ्र ही बालियां निकल जाएंगी। ऐसे किसानों ने अपने खेतों में हरूना धान की फसल लगाई है। समय से पहले धान फसल की रोपाई करने वाले कई किसानों के खेतों में लगी फसल में बालियां निकल आई है। धान के पौधे बालियों से लदे हुए हैं, हरुना धान के पौधों में बालियां निकलने लगी हैं। पसौद किसान बसंत साहू, ईश्वरी निर्मलकर ने बताया की हरुणा किस्म क़े धान की कटाई एकात माह में शुरू हो जायेगी।



## प्रधानमंत्री मोदी की आठ को कोंडागांव में होगी आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाजपा ने की तैयारी प्रारंभ, इस माह लगातार होंगी राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति तैयार की है। इस कड़ी में सबसे बड़ी आमसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8 अप्रैल को कोंडागांव में होगी। इसको लेकर भाजपा ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। प्रदेश का भाजपा संगठन प्रधानमंत्री की प्रदेश में पांच सभाएं चाहता है, लेकिन पीएमओ से कितनी सभाओं को मंजूरी मिलती है, सब कुछ उस पर निर्भर है। फिलहाल तो बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए एक सभा की मंजूरी मिली है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का छत्तीसगढ़ पर भी बड़ा फोकस है। भाजपा ने यहां की सभी 11 की 11 सीटें जीतने की रणनीति तैयार की है। इसको लेकर प्रचार-प्रसार में भी पूरी ताकत झोंकने की रणनीति बनी है। चुनाव के लिए रणनीति बनाने का जिम्मा इस बार प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन पर है। उनको चुनाव का प्रभारी बनाया गया है, क्योंकि यहां पर प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर का आना नहीं हो रहा है। राष्ट्रीय संगठन ने उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देकर रखी है। श्री नवीन लगातार बैठकें करके रणनीति बना रहे हैं। अभी भी वे यहां पर 4 अप्रैल तक दौरे पर हैं। वे दूसरे चरण के चुनाव के लिए तीन सीटों के प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान के पहले बस्तर संभाग में आमसभा होगी। इसके लिए स्थान कोंडागांव में तय किया गया है। कोंडागांव में आमसभा होने पर बस्तर संभाग की दूसरी सीट कांकेर के प्रत्याशी को भी मंच पर रहने का मौका मिलेगा।



## पेज 9 के शेष

### देश की मुख्य समस्याओं से लोगों ...

पटेल, सोना देवी देशलहरा, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद रतिराम कोसमा, धनेश्वरी सिंन्हा, नरेंद्र सिंन्हा, धीरज उपाध्याय, शंभू साहू, चंद्रेश हिरवानी, अनिल यादव, संजय प्रकाश चौधरी, हस्तीमल सांखला, प्रकाश नाहटा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिपं सभापति मीना ...

आनंदपुर तेजराम साहू, युवा कांग्रेसी नेता ग्राम दियाबाती योगेन्द्र साहू, पूर्व जनपद सदस्य धानापुरी कौशल नेताम, पूर्व सरपंच बालोदगहन बलराम साहू, बालोदगहन राजकुमार साहू, सुखचंद ध्रुव, कार्तिक कोर्राम, शिव नेताम, दीपेश साहू, सरपंच ग्राम पंचायत उसरवारा जनक राम साहू, पंच ग्राम पंचायत मिर्रीटोला योगेश साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष गोंड़वाना समाज अरमरीकला लीलार नागवंशी, आनंदपुर इकबाल खान सहित कुल 27 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अन्य ने इसको भाजपा का गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। इसके पूर्व भी जिले में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष जिला पंचायत सभापति ललिता साहू ने दो दर्जन लोगों के साथ भाजपा प्रवेश किया था।

### एक जून तक एग्जिट ...

अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रें में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

कांग्रेस ने देश की जनता को दी पांच न्याय की गारंटी

# बैज ने कहा- जनता को मूर्ख बनाने में जुटी है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बयान दिया है कि हर साल 1 अप्रैल को अप्रैल फूल दिवस मनाया जाता है। भारतीय जनता पार्टी भी जनता को अप्रैल फूल बना रही है। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर भी इससे जुड़ा मैसेज पोस्ट किया है। पोस्ट में बैज ने लिखा है कि मूर्ख बनाने की परंपरा आज भी बदस्तूर जारी है। जनता को मूर्ख बनाने का काम अब बीजेपी ने ले लिया है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान दीपक बैज ने बीजेपी पर तंज कसा है कि बीजेपी अब जनता से पैसों की वसूली कर रही है। जनता ने इनके



वादों पर भरोसा कर इनको वोट दिया, इनको जिताया। अब भाजपा इनको ठगने का काम कर रही है। आज से जमीनों की टैक्स की रजिस्ट्री पर ज्यादा टैक्स देना होगा, जिससे गरीब और मध्य परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। शराबबंदी की बात करने वाली भाजपा सरकार आज से शराब पर 150 रुपए अधिक वसूल कर रही है। शराब के दामों में वृद्धि करके भाजपा की सरकार सीधे-सीधे प्रदेश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

### कांग्रेस ने दी पांच न्याय की गारंटी

उन्होंने कहा, महंगाई, बेरोजगारी तथा निराशा के इस दौर में देश में कांग्रेस की पांचो न्याय की गारंटियों ने देश के लोगों में आशा की किरण पैदा कर दी है। जनता लोकसभा चुनाव में मोदी के कुशासन से मुक्ति पाकर अपने लिये विकास और समृद्धि के नये द्वार खोलेगी। कांग्रेस ने पांच न्याय गारंटी की घोषणा की है, इसमें नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय योजना का लाभ देंगे। भाजपा महिलाओं को 12000 सालाना देगी, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनती है, तो 1 लाख रुपये नारी न्याय योजना के तहत दिया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव में जीत का किया दावा

उन्होंने दावा किया है कि इंडी गठबंधन देश में सरकार बनाएगी और छत्तीसगढ़ में हम सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। कांग्रेस पार्टी की रणनीति है कि वो जनता के बीच बीजेपी की नाकामियों को गिनाएगी। उन्होंने दावा किया कि जनता को राहत देने के बजाए बीजेपी अब लोगों से चंदा वसूली कर रही है। ईडी और आईटी के जरिए विपक्ष को दबाया जा रहा है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय लिए हुआ ओम का चयन



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला सेमरकोना के कक्षा 5 वीं के छात्र ओम कुमार सिन्हा का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। प्रधान पाठिका हेलन देवांगन, सहायक शिक्षक महावीर नेताम, पूर्व माध्य शाला के प्रधान पाठक सीआर पदमाकर, उच्चवर्ग शिक्षक सीआर नेताम, नूतन प्रसाद देशमुख, लता भण्डारी, संकुल समन्वयक पीआर धनंजय, जनपद सदस्य द्रोपती वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, सुकलाल नागवंशी, छात्र के पिता बीरबल सिन्हा, माता तामेश्वर सिन्हा, सरपंच मटिया बी. रोशन कुमार उइके एवं सेमरकोना के ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### नपा उपाध्यक्ष ने दिया वॉटर कूलर



**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत की सक्रिय पार्षद एवं उपाध्यक्ष विद्या शर्मा ने नगर पंचायत तथा जिला कांग्रेस कमेटी बालोद ने अपने घोषणानुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही अपने निधि से साहू समाज भवन, देवार समाज भवन के लोकार्पण के बाद वाटर कूलर लगा दिया है। इससे समाज प्रमुखों व वार्डवासियों ने श्रीमति शर्मा का आभार माना। वर्तमान में वार्डवासी ठंडा पानी का आनंद ले रहे हैं।

### भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष बनाए गए डोमेंद्र देशमुख



**डौंडीलोहारा।** जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के निर्देश पर भाजपा मंडल डौडीलोहरा अध्यक्ष रुपेश सिन्हा की अनुशंसा पर डोमेंद्र कुमार देशमुख को भाजपा युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, जिला मंत्री जयेश ठाकुर, निवृत्तमान जिला मंत्री संजय दुबे, जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष महावीर साहू ,जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, मंडल उपाध्यक्ष यतेंद्र देवांगन, मंडल महामंत्री संदीप जैन, दारासिंह भौसार्य, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश जैन, नरेंद्र लुंकड़, जयलाल मालेकर, पूनम चंद जैन, महेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र निषाद, रवि जैन, रेमन अटल, पुनीत देशमुख, सुरेंद्र देशमुख, हलधर देशमुख, सुरेश देशमुख, देवदयाल देशमुख, हीरा ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## निधन

### दयाल राम वर्मा



जामगांव आर। पाहन्दा निवासी दयालु राम वर्मा का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिक्षक जितेंद्र वर्मा के पिता और शासकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय रायपुर में एमडी कर रही डॉ. हर्षा वर्मा एवं पुलकित वर्मा के दादा थे।

### मांग : सरपंच सहित ग्रामीणों ने की जल्द निर्माण की मांग

# सिवनी में तांदुला नहर का वैकल्पिक पुल बहा, ग्रामीणों की समस्या बढ़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिवनी स्थित तांदुला नहर का वैकल्पिक पुल सोमवार को पानी के तेज बहाव में बह गया। इस पर पुनः अस्थाई पुल निर्माण की मांग को लेकर सरपंच ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम सिवनी में स्थित तांदुला नहर पर बने वर्षों पुराने पुल को जर्जर होने के पश्चात तोड़कर नया बनाया जा रहा है। वहीं, राहगीरों की आवाजाही के लिए पुल और मुरुम डालकर वैकल्पिक सड़क निर्माण की व्यवस्था की गईं थी, लेकिन सोमवार सुबह जल संसाधन विभाग द्वारा निस्तारी के तहत ग्रामीण अंचलों के तालाबों में पानी भरने के लिए तांदुला जलाशय के माध्यम से पानी छोड़ा गया। उसके बाद वैकल्पिक अस्थाई पुल पानी के बहाव में नहर में बह गया। उसके बाद से राहगीरों के साथ ही ग्रामीणों को कई तरह की दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच ने लिखित आवेदन में बताया है कि वर्तमान में कक्षा पहली से कक्षा 8वीं की परीक्षा चल रही है, जिन्हें तीन किलोमीटर दूरी तय कर स्कूल जाना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों को जिला मुख्यालय जाने के लिए लगभग पाँच किलोमीटर दूरी तय करना पड़ रही है। इसके इसलिए इस समस्या को दूर करने के लिए तत्काल अस्थाई पुल बनाने की मांग ज्ञापन सौंप कर की गई है।

■ तालाबों को भरने तांदुला जलाशय से छोड़े गए पानी के प्रवाह में बह गया अस्थायी पुल

#### नवरात्रि में आवागमन प्रभावित होने की आशंका

जिले के झलमला स्थित गंगा मईया मंदिर में आगामी कुछ दिनों में चैत्र नवरात्रि का आगमन होने वाला है। इस दौरान यह अस्थाई पुल का होना आवागम को सरल बनाता है, जिसके कारण गंगा मईया मंदिर मुख्य सड़क पर वाहनों की भीड़ कम हो जाती है। साथ ही जल्द जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए यह मुख्य वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग किया जाता था, लेकिन वर्तमान समय में पुल नहीं बनने के कारण राहगीरों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ ही मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।

### शारीरिक दक्षता के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण



**बालोद/कलंगपुर।** अरमरीकला स्कूल खेल मैदान में ग्रीष्मकालीन खेल व फिजिकल फिटनेस का निःशुल्क प्रशिक्षण चल रहा है। शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में विभिन्न खेलों और अग्निवीर, पुलिस भर्ती, पैरामिलिट्री फोर्स व अन्य डिफेंस संबंधित सभी प्रकार के शारीरिक दक्षता परीक्षा संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोई भी इच्छुक छात्र, छात्रा इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण सुबह 6 बजे से अरमरीकला के प्राचार्य एएस कौशिक के संरक्षण में व्यायाम शिक्षक शैलेंद्र सिन्हा और अभिषेक जयसवाल द्वारा बिना कोई शुल्क के दिया जा रहा है।

### विनायकपुर स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी



अंडा । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में 9वीं व 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिला स्तर पर दिनांक 12 से 22 मार्च तक वार्षिक परीक्षा आयोजित किया गया था। शाला के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के निर्देशानुसार प्रेमलता योगी ने परीक्षा परिणाम बना के मंगलवार को परीक्षा परिणाम जारी किया। कक्षा 9वीं अ से प्रथम दीपेश कुमार बारले 87.83, द्वितीय प्रतिक्षा ठाकुर 84.83, तृतीय भूमि निषाद 75.0, कक्षा 9वी ब से प्रथम भावना निर्मलकर 95.67, द्वितीय डिंपल पटेल 81.0, तृतीय किशन निषाद 80.67 रहे। इसी प्रकार 11वीं कला से प्रथम कोकिला 72.60, द्वितीय उर्मिला 70.20, तृतीय युगल किशोर 69.20 एवं विज्ञान संकाय से प्रथम नितिन देवांगन 78.60, द्वितीय भास्कर देशमुख 76.60, तृतीय तृप्ति दिल्लीवार 76.0 रही।

### नाती के जन्मदिन पर दिया न्योता भोज



डौंडीलोहारा। आलीखूंटा ग्राम निवासी केशव साहू ने अपने नाती के जन्मदिन के अवसर पर गांव के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया। भोज में बच्चों को पूरी, बड़ा एवं मीठा परोसा गया। न्योता भोज का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास करना, भोजन में पोषक मूल्य में वृद्धि करना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी शिक्षक परमानन्द साहू ने आयोजनकर्ता का आभार व्यक्त किया।

### खैरीडीह की शिक्षिकाओं ने बच्चों को दिया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला खैरीडीह में सभी शिक्षिकाओं ने मिलकर न्योता भोज का आयोजन किया। जिसमें कक्षा पहली व दूसरी के बच्चों की सभी माताएं, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, सभी पंचगण आदि उपस्थित रहे। सभी बच्चों को खीर,पूरी, पापड़, सलाद परोसा गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यगण, पंचगण, अंगना म कार्यक्रम में उपस्थित माताएं, शाला की प्रधान पाठिका डी. साहू, सहायक शिक्षिका ज्योति केकती, देवकी ठाकुर उपस्थित थी।

#### कुसुमकसा में हुई कांग्रेस की बैठक

## कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक जैन भवन कुसुमकसा में आयोजित की गई। बैठक में कांकेर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के पक्ष में प्रत्येक बूथों में अत्यधिक मतदान कराकर विजयी बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक में मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद ने कार्यकर्ताओं पार्टी के घोषणा पत्र को घर-घर पहुंचाने को कहा। उदेराम सिवना ने लोकसभा चुनाव में बीरेश ठाकुर को विजयी बनाकर दिल्ली भेजने की बात कही। जनपद सदस्य राजेश चुरेन्द्र ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में काँग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। कार्यक्रम को तिहारसिंह तारम, प्रेमचंद जैन, प्रकाशचंद कुचेरिया, एसपी यादव, जगन्नाथ सिवना, तुलाराम कोसमा ने भी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन चम्पालाल सागर व आभार प्रदर्शन पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने किया। बैठक के दौरान कांकेर लोकसभा के पार्टी प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने मोबाइल पर उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आप को बीरेश ठाकुर समझकर चुनाव प्रचार करें। बैठक में मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद ,राजेश चुरेन्द्र जनपद सदस्य ,प्रकाशचंद्र कुचेरिया ,एस पी यादव ,उदेराम सिवना, तिहारसिंह तारम, जगन्नाथ सिवना, तुलाराम कोसमा, कन्हैयालाल भौसार्य, अनिल सुथार, भगतराम उर्वशा, गौतम कोर्राम, वीरेंद्र तारम, प्रेमचंद जैन, परस राम लेडिया, शेख अहमद, भीम रावटे सहित सैकड़ों बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हाई स्कूल मोहलाई में होली मिलन के साथ हुआ न्योता भोज



**अंड़ा।** शासकीय हाई स्कूल मोहलाई दुर्ग में प्राचार्य लखन लाल साहू की मौजूदगी में रंगपंचमी के अवसर पर होली मिलन के कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा न्योता भोजन में सभी बच्चों को भोजन के साथ मीठे फलों का वितरण किया गया। प्रधान पाठक रविकांत यादव, सीएसी हरीश देवागन, परमानंद जोशी सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थी। प्राचार्य ने होली पर सम सामयिक विचार रखे एवं फाग गीत गाकर बच्चों को संस्कृति से जुड़ने की बात कही। मुकेश तिरपुड़े ने नगाड़ा बजाकर बच्चों को होली गीत सिखाया। संचालन गीतांजलि तिवारी ने किया। इस अवसरपर ग्रामीणों ने प्राचार्य की पहल पर प्रथम बार विद्यालय में फूलों से होली खेलकर होली मिलन की सराहना की।

राधा-कृष्ण बने बच्चों ने मोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में निलेश श्रीवास्तव, पुनीत साहू, रविकांत बाघे, दानेश्वर साहू, रविकांत यादव, गीतांजलि तिवारी, हेमंत देवांगन, अंजली साहू, तिलक सेन, मुकेश तिरपुड़े, गौरी दुबे, देवलाल यादव उपस्थित थे।

## सशिमं खर्रा में आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में कक्षा अष्टम के भैया– बहनों का दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलाहकार मंडल के सदस्य राधे लाल साहू थे, अध्यक्षता प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ आचार्य सूखित राम कलिहारी थे। उक्त अवसर पर सुखित राम किलहारी ने कहा कि विद्यालय के माध्यम से जो संस्कार, शिक्षा, ज्ञान, कला सीखा है, उन्हें जीवन में अमल कर श्रेष्ठ नागरिक बनना। प्रधानाचार्य ने सभी भैया– बहनों की उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। विद्यालय परिवार द्वारा अष्टम की भैया बहनों को पेन, डायरी, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य परिवार, मनोहर साहू, कामता प्रसाद साहू, दीदी रंजना सिन्हा, ज्योति सिन्हा, टुमेशवरी पटेल, चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, बिना साहू एवं कक्षा सप्तम के भैया बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्ट्रीट लाइट बंद, छाया अंधेरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही के 12 व 13 वार्ड की मुख्य सड़कों पर 4 दिनों से रात के समय अंधेरा छाया रहता है। इसके कारण मुख्य मार्ग पर पैदल चलने वाले राहगिरों के साथ वाहन चालकों को दुर्घटना का डर बना रहता है। इसे लेकर वार्डवासियों द्वारा पीडब्लूडी एसडीओ और नगर पंचायत के अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

■ गुण्डरदेही के वार्ड क्रमांक 12 व 13 की मुख्य सड़कों पर रात में आवागमन में हो रही परेशानी



भाजपा नेता संजीव जाजू ने बताया कि 12 व 13 वार्ड की मुख्य सड़क के बीचों बीच डिवाडर पर लगी लाईट कुछ दिन जगमगाने के बाद अचानक 4 दिन से बंद हो गई हैं। इससे सड़क पर अंधेरा छाया रहता है। वार्डवासियों की मांग है कि जल्द से जल्द वार्ड की लाईटे चालू की जाए ताकि आमजनता के साथ आने जाने वाले लोगों को अंधेरे के कारण समस्या का सामना न करना पड़े।

वहीं, संजीव जाजू ने कहा कि बस स्टैण्ड के सामने मुख्य सड़क में पाईप का टुकड़ा निकला हुआ है, जो राहगिरो के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां पर बड़े वाहन चालक नाश्ता करने के लिए रूकते है ऐसे मे इस लोहे की पाईप से ये टकराते हैं, तो बड़ी घटना घट सकती है।













